आकाशवाणी केन्द्र शिमला

14.10.2024 / प्रादेशिक समाचार / 18:00बजे

आपदा प्रबंधन

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि प्रदेश में पिछले कुछ वर्षों में बादल फटने की बढ़ती घटनाओं का पता लगाने के लिए शोध किया जाएगा, ताकि भविष्य में इस तरह की आपदा से जानमाल के नुकसान को रोका जा सके। उन्होंने आज शिमला के गेयटी थियेटर में अंतर्राष्ट्रीय आपदा न्यूनीकरण दिवस के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि पिछले वर्ष प्रदेश में बरसात के दौरान करोड़ो रूपये का नुकसान हुआ और बादल फटने व बाढ़ की घटनाओं में सैंकड़ों लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी। मुख्यमंत्री ने माना कि जलवायु परिवर्तन भी बादल फटने की घटनाओं का एक मुख्य कारण है। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि इस तरह की प्राकृतिक आपदाओं के कारणों का पता लगाने के लिए केंद्र सरकार को भी पत्र लिखा गया है और राज्य सरकार अपने स्तर पर भी कार्य कर रही है।

राज्यपाल

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने आज कुल्लू ज़िले के प्रीणी स्थित पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के आवास का दौरा किया। उन्होंने इस गांव में वाजपेयी जी द्वारा बिताए गए पलों और स्मृतियों को याद किया। लेडी गवर्नर जानकी शुक्ल भी उनके साथ थीं। राज्यपाल ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी का हिमाचल व यहां के लोगों से बड़ा स्नेह था और वे इसे अपना दूसरा घर मानते थे। उन्होंने कहा कि वाजपेयी ने यहां के शांत वातावरण में अनेक कविताएं लिखी हैं। बाद में राज्यपाल ने रॉरिक आर्ट गैलरी व नग्गर कैसल का दौरा भी किया।

अग्निहोत्री

उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने आज कुल्लू में 18 करोड़ रूपये से अधिक की विभिन्न पेयजल परियोजनाओं का उद्घाटन किया। इनमें पीज फाटी की लगभग 16 करोड़ रूपये से बनी उठाऊ पेयजल योजना भी शामिल है। मुकेश अग्निहोत्री ने सुमा में एक

जनसभा में कहा कि जलशक्ति विभाग की ओर से कुल्लू में 7 सौ 8 पेयजल योजनाओं का निर्माण पूरा हो चुका है, जबकि एक सौ 11 पर काम जारी है। इसके अलावा सिंचाई की 89 योजनाएं भी पूरी कर ली गई हैं। अग्निहोत्री ने कहा कि बाढ़ नियंत्रण के तहत कुल्लू ज़िले की 24 योजनाएं मंजूर हुई हैं, जिन पर एक सौ 58 करोड़ रूपये खर्च किए जा रहे हैं। उप–मुख्यमंत्री ने कुल्लू भुट्टी चौक से परिवहन निगम की 2 बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

<u>विश्व मानक दिवस</u>

उपभोक्ता मामलों के मंत्री प्रहलाद जोशी ने कहा है कि पिछले 10 वर्षों में भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा लगभग सात सौ 32 उत्पादों के लिए 150 से अधिक गुणवत्ता नियंत्रण आदेश अधिसूचित किए गए हैं। नई दिल्ली में आज विश्व मानक दिवस कार्यक्रम के अवसर पर उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय मानकों के कार्यान्वयन को सरकार द्वारा सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है। प्रहलाद जोशी ने भारत को अपनी सर्वोत्तम गुणवत्ता के लिए मान्यता दिलाने और भारतीय मानकों को अंतर्राष्ट्रीय मानकों का पर्याय बनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दृ ष्टिकोण को रेखांकित किया।

<u>विक्रमादित्य</u>

लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा है कि वैश्विक व राष्ट्रीय स्तर पर लोगों को उच्च स्तर की सुविधाएं, उत्पाद और सेवाएं प्रदान करने में मानकों की महत्पूर्ण भूमिका है। सोलन ज़िले के बद्दी में आज भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि जीवन के सभी क्षेत्रों में मानक बेहतरी प्रदान करते हैं। विक्रमादित्य सिंह ने लोगों से भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा स्थापित मूल्यों को अपनाने का आह्वान किया है।

<u>उड़ान</u>

भुंतर हवाई अड्डे से जयपुर के लिए हवाई उड़ानें शुरू हो गई हैं। जयपुर से आज भुंतर एयरपोर्ट पर एयरलाइंस की पहली उड़ान पहुंची, जिसके माध्यम से 56 यात्री कुल्लू आए। इसके अलावा भुंतर से भी 21 यात्री जयपुर के लिए रवाना हुए। उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि ये उड़ान शुरू होने से कुल्लू–मनाली में पर्यटन कारोबार को बढ़ावा मिलेगा।

समन्वय समिति

एच.आर.टी.सी. कर्मचारी संयुक्त समन्वय समिति ने आज से होने वाली अपनी हड़ताल को टाल दिया है। समिति के सदस्यों ने आज शिमला में निगम के प्रबंध निदेशक के साथ एक बैठक की, जिसमें उन्हें विभिन्न मांगों को समयबद्ध पूरा करने का आश्वासन दिया गया। समिति के अध्यक्ष मान सिंह ठाकुर ने बताया कि निगम के स्वर्ण जयंती समारोह में मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणाओं को लेकर प्रबंध निदेशक के साथ बातचीत हुई है और उन्होंने सभी मांगों पर सहमति जताई है।

मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के कुछ भागों में आज हल्के बादल छाए हुए हैं। जनजातीय व ऊपरी क्षेत्रों में सुबह–शाम के तापमान में गिरावट जारी है। लाहौल–स्पीति और किन्नौर जिलों में न्यूनतम तापमान शून्य के करीब पहुंच गया है।